# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 07.08.2025

### थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर जोन के थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-423/2025 धारा-105 भा0न्या0सं0 में साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा तरमीम कर धारा-191(2)/191(3)/103(1)/61(2)/3(5) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त घनश्याम सिंह उर्फ कुक्कू पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही को थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा दिनांक-06.08.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत हण्डिया फ्लाई ओवर स्थित पिलर नं0 - 43 के पास से गिरफ्तार कर नियानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक-28.07.2025 को थाना हण्डिया क्षेत्रान्तर्गत कांगापुर पुलिया के पास अब्दुल कलाम आजाद पुत्र स्व0 अब्दुल वाहिद निवासी धोबहा थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात युवकों द्वारा बैट से मार-पीट कर घायल कर देने की सूचना पर सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया व थाना प्रभारी हण्डिया द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा मजरूब अब्दुल कलाम उपरोक्त को ईलाज हेतु

अस्पताल भेजा गया, जहां ईलाज के दौरान मजरूब अब्दुल कलाम उपरोक्त की मृत्यु हो गयी। थाना हण्डिया पुलिस द्वारा शव का नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया पर मु0अ0सं0-423/2025 धारा-105 भा0न्या0सं0 बनाम मोटर साइकिल सवार 03 व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 04 अभियुक्त 1. अभिषेक सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह उर्फ डब्बू सिंह निवासी ग्राम गिर्दकोट थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 2. आदित्य सिंह पुत्र आनन्द कुमार सिंह निवासी ग्राम गिर्दकोट थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज 3. अभिषेक सिंह उर्फ बऊ पुत्र संजय सिंह उर्फ बबलू निवासी मिल्कीपुर नीबी थाना दुर्गागंज जनपद भदोही 4. सुभाष सिंह उर्फ शिब्बू उर्फ शुभ सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी ग्राम सराय होला छोटका थाना दुर्गागंज जनपद भदोही को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है तथा 01 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

घनश्याम सिंह उर्फ कुक्कू पुत्र रविन्द्र सिंह निवासी आनन्दडीह थाना दुर्गागंज जनपद भदोही, उम्र करीब 20 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-423/25 धारा-191(2)/191(3)/103(1)/61(2)/3(5) भा0न्या0सं0 थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 नितेन्द्र कुमार शुक्ला, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 योगेन्द्र कुमार सिंह, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 भूपेन्द्र कुमार, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 सतीष पटेल, थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।